-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रेस विज्ञप्ति / Press Release** **26 अगस्त / August, 2019**

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

## सिडबी को सार्वजनिक क्षेत्र की श्रेणी में प्रतिष्ठित बीएमएल मुंजल पुरस्कार

## SIDBI wins prestigious BML Munjal Award in the Public Sector category

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) को सार्वजनिक क्षेत्र की श्रेणी में "बिजनेस एक्सीलेंस थ्रू लर्निंग एंड डेवलपमेंट" के लिए प्रतिष्ठित बीएमएल मुंजाल पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार सिडबी के विज़न 2.0 को अध्ययन एवं विकास पारितंत्र में एक विभेदक के रूप में मान्यता प्रदान करता है। सिडबी का विजन 2.0 असेवित और अल्पसेवित घटकों पर ज़ोर देते हुए सर्वसमावेशी, बाजार-निर्माता और प्रभाव-उन्मुख अनुबंधों पर अपना ध्यान केंद्रित करता है।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI) has won the prestigious BML Munjal Award for Business Excellence through Learning and Development in the Public Sector category. The award recognizes SIDBI's Vision 2.0 being a differentiator in the learning and development ecosystem. SIDBI Vision 2.0 focuses on inclusive, market-maker and impact-oriented engagements with a thrust on unserved and underserved segments.

सिडबी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद मुस्तफा, आई ए एस ने कहा, "हम सिडबी विज़न 2.0 के द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्यम क्षेत्र के विकास के लिए बहुआयामी पहल कर रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की श्रेणी के अंतर्गत चौदहवां बीएमएल मुंजाल पुरस्कार हमें दिया गया, जो पारितंत्र को मजबूत करने के लिए हमारी परिवर्तनकारी पहलों को मान्यता प्रदान करता है। शोध और विकास के क्षेत्र में उठाए गए पथप्रवर्तक कदमों को जारी रखने के लिए यह पुरस्कार हम पर और अधिक जिम्मेदारी डालता है। यह वास्तव में हमारे लिए गर्व का क्षण है।"

Shri Mohammad Mustafa, IAS, Chairman and Managing Director of SIDBI said, "We are carrying out multi-fold initiatives for the development of Micro and Small Enterprises sector under SIDBI Vision 2.0. The fourteenth BML Munjal Award under the Public Sector category conferred on us validates the changemaker initiatives for strengthening the ecosystem. It bestows more responsibility on us to continue path breaking steps in learning and development. It is indeed a proud moment for us."

डॉ.बृजमोहन लाल मुंजाल जो हीरो ग्रुप के चेयरमैन व पद्मभूषण से सम्मानित है उनके नाम पर यह पुरस्कार रखा गया है। वे  अपने समूह की सफलता एवं व्यवसाय में उत्कृष्टता का श्रेय निरंतर प्रशिक्षण, शिक्षण और विकास पर ध्यान केंद्रित रखने को देते हैं।

The awards are named after the Hero Group Chairman and Padma Bhushan Awardee Dr. Brijmohan Lall Munjal, who attributes the Group's success to a continuous focus on training and learning and development resulting in business excellence.

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (सार्वजनिक उपक्रम), निजी क्षेत्र (विनिर्माण), निजी क्षेत्र (सेवा), सतत उत्कृष्टता (केवल पूर्व पुरस्कार विजेताओं के लिए) और उभरते सितारे (ई-कॉमर्स, एम- कामर्स  में उभरते क्षेत्रों में निजी कंपनियों के लिए) के तहत प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गईं। सार्वजनिक उपक्रम श्रेणी में गेल (इंडिया) लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड, आदि से प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। इस वर्ष अधिकांश अग्रणी और जाने-माने संगठनों ने अपनी प्रविष्टियाँ भेजी थीं। उनके के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद  यह पुरस्कार सिडबी को प्राप्त हुआ। पुरस्कार वितरण भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी के कर कमलों से संपन्न हुआ।

Entries were invited under five categories namely, Public Sector Undertaking (PSU), Private Sector (Manufacturing), Private Sector (Services), Sustained Excellence (for earlier awardees only) and Emerging Stars (for privately held companies in emerging sectors like e-commerce/m-commerce). Several entries were received in the PSU category including names likes GAIL (India) Limited, Bharat Electronics Limited, RailTel Corporation of India Limited, Shipping Corporation of India Limited, Oil and Natural Gas Corporation Limited and so on. After a rigorous competition with most of the leading and well-known organizations who had sent their entries this year, the award was conferred to SIDBI and was presented by Shri Pranab Mukherjee, former President of India.

**बीएमएल मुंजाल अवार्ड्स के बारे में:** पुरस्कारों का नाम हीरो ग्रुप के चेयरमैन और पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. बृजमोहन लाल मुंजाल के नाम पर रखा गया है - जिन्होंने शून्य से शुरुआत करके अरबों डॉलर के व्यापार समूह का निर्माण किया है। वे  अपने समूह की सफलता एवं व्यवसाय में उत्कृष्टता का श्रेय निरंतर प्रशिक्षण, शिक्षण और विकास पर ध्यान केंद्रित रखने को देते हैं। इस दर्शन को सुदृढ़ पारिवारिक मूल्यों, लोगों के साथ रिश्तों और दायित्वपूर्ण नागरिक बोध, कार्यस्थल पर विनम्रता और दक्षता के साथ आगे बढ़ाया गया है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया देखें: http://www.bmlmunjalawards.com/

**About BML Munjal Awards:** The Awards are named after the Hero Group Chairman and Padma Bhushan Awardee - Dr. Brijmohan Lall Munjal – a leader who has built a business conglomerate worth billions of dollars from scratch. He attributes the Group's success to a continuous focus on training, Learning & Development resulting in business excellence. This philosophy has been

further strengthened by nurturing strong family values, people relationships and responsible citizenship, coupled with humility and efficiency at workplace. For more information, please check: http://www.bmlmunjalawards.com/

**सिडबी के बारे में:** 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। अधिक जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in/ पर जाएँ।

**About SIDBI:** Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental measures. For more information, please visit: https://www.sidbi.in/

**मीडिया संपर्क:** नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: +91 8879760249, ई-मेल: neelasrib@sidbi.in
**Media contact:** Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in